Citizenship and Immigration Canada
Citoyenneté et Immigration Canada

# प्रायोजित पति/पत्नी या संगियों के लिए जानकारी



नागरिकता और आव्रजन कनाडा

Canada

# प्रायोजित पति/पत्नी या संगियों के लिए जानकारी

कुछ नियम लागू हुए हैं जो कॅनेडा में आकर रहने वाले कुछ प्रायोजित (स्पॉन्सर्ड) पति/पत्नी या संगियों को प्रभावित कर सकते हैं। प्रायोजित पति/पत्नी या संगी जो दो साल या उससे कम के रिश्तों के संगी हैं और जिनके आवेदन के समय अपने प्रायोजक के साथ कोई बच्चे नहीं थे, उनके स्थायी निवासी दर्जे (पर्मानैन्ट रैसिडैन्ट स्टैटस) के साथ एक शर्त जुड़ी है।

## आपके लिए सशर्त स्थायी निवास का क्या अर्थ है

यदि आपको सशर्त स्थायी निवास (कंडीशनल पर्मानैन्ट रैसिडैन्ट) की अनुमति मिली है, तो यह आवश्यक है कि आप सशर्त स्थायी निवास की अनुमति प्राप्ति के दिन से अपने प्रायोजक के साथ दो साल के लिए एक **वैध संबंध** में रहें। दो साल की अवधि के बाद इस शर्त की समाप्ति होती है।

## क्या मैं इस नए उपाय से प्रभावित हूँ?

**हाँ, यदि** आपका आवेदन 25 अक्टूबर, 2012 को या इसके बाद प्राप्त किया गया था।

**हाँ, यदि** आपका दो या उससे कम वर्ष का रिश्ता है और अपने प्रायोजक के साथ आपके कोई बाल-बच्चे नहीं हैं।

**नहीं, यदि** आपका अपने प्रायोजक के साथ दो से अधिक वर्षों का रिश्ता है।

**नहीं, यदि** आपके प्रायोजन (स्पॉन्सरशिप) आवेदन के समय आपके प्रायोजक के साथ बाल-बच्चे थे।

## आपके अधिकार

सशर्त स्थायी निवास की अनुमति मिलने पर, आपको स्थायी निवासी होने के सभी अधिकार और विशेषाधिकार प्राप्त हैं :

- आपको बिना काम या अध्ययन अनुज्ञापत्र (परमिट) के कॅनेडामें काम करने या अध्ययन करने की अनुमति है।
- आपको स्वास्थ्य कवरेज और सामाजिक सेवाएं सुगम हैं।
- आपको कॅनेडा से जाने और दुबारा वापिस आने की अनुमति है।

यदि आप दुर्व्यवहार या उपेक्षा के शिकार (विक्टिम) हैं, तो आपको अपमानजनक स्थिति में रहने की जरूरत नहीं है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सशर्त स्थायी निवास उपाय आप पर लागू होता है या नहीं। कॅनेडा में, दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाता। सभी तरह के शारीरिक और यौन शोषण अपराध हैं। सभी बाल-दुर्व्यवहार की रिपोर्ट की जानी चाहिए।

# दुर्व्यवहार या उपेक्षा क्या है?

**दुर्व्यवहार** एक ऐसा व्यवहार है जो किसी अन्य व्यक्ति को धमकाने, उसे अलग करने के लिए, उस पर प्रभुत्व जमाने या नियंत्रित करने के लिये किया जाता है। यह एक प्रतिमान (पैटर्न) या एक घटना भी हो सकती है। दुर्व्यवहार में कार्य, शब्द या **उपेक्षा** भी शामिल हो सकती है।

दुर्व्यवहार **शारीरिक, यौन, मनोवैज्ञानिक** या **वित्तीय** हो सकता है।

- एक शिकार (विक्टिम) के रूप में आपको एक से अधिक प्रकार के दुर्व्यवहार का अनुभव हो सकता है।
- आम तौर पर दुर्व्यवहारी पति या पत्नी, पूर्व पति या पूर्व पत्नी, साथी, या पूर्व साथी होता है। कभी-कभी, वह आपके पति या पत्नी या साथी के परिवार का एक सदस्य भी हो सकता है।
- दुर्व्यवहारी पुरुष या महिला हो सकती है।

**शारीरिक दुर्व्यवहार** धमकाने या दर्द, चोट, अन्य शारीरिक पीड़ा या शारीरिक नुकसान या जबरन क़ैद के इरादे से किया हुया शारीरिक संपर्क है। दूसरों के बीच, उदाहरणार्थ, मारा जाना, पीटे जाना, थप्पड़ पड़ना, घूँसा लगना और धक्किआए जाना या धक्के के परिणामस्वरूप चोट लगना या ऐसी कोई हरकत जिससे चोट लग सकती है।

**यौन शोषण** किसी भी स्थिति में, शिकार (विक्टिम) की इच्छा के विरुद्ध बल या धमकी का प्रयोग है, जिसके परिणामस्वरूप अवांछित यौन स्पर्श या यौन सक्रियता शामिल है।

**मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार** में अपमान, डांट, निरादर, उत्पीड़न या धमकियां, गालियाँ, चिल्लाना, दोष मढ़ना, अनादर, आलोचना या विक्टिम के बच्चों को दूर ले जाने की धमकी या चोट पहुँचाने की धमकी के अलावा बल या नियंत्रण भी हो सकता है।

**वित्तीय दुर्व्यवहार** वह होता है जहां एक साथी का अन्य साथी के आर्थिक संसाधनों के उपयोग पर नियंत्रण होता है। उसके कुछ उदाहरण हैं विक्टिम के चैक या पैसे लेना या पैसे रोकना ताकि विक्टिम अपने या अपने बच्चों के लिए भोजन, आश्रय या चिकित्सा उपचार जैसी जरूरत की चीजों का भुगतान नहीं कर सके।

**उपेक्षा** जीवन की आवश्यकताएँ जैसे कि भोजन, कपड़े, चिकित्सा देखभाल या आश्रय प्रदान करने की विफलता है, या कोई अन्य चूक जिसके परिणामस्वरूप गंभीर नुकसान होने का ख़तरा होता है।

# क्या अपने प्रायोजक या उसके परिवार द्‌वारा आपके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है या आप उपेक्षित हैं?

आपको कॅनेडा में अपना दर्जा बनाए रखने के लिए ऐसे रिश्ते में रहने की आवश्यकता नहीं अगर उसमें आप के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है या आप की उपेक्षा हो रही है।

यदि आप सशर्त स्थायी निवास उपाय से प्रभावित हुए हैं, तो आप **अपवाद** (ऐक्सैप्शन) का अनुरोध कर सकते हैं।

यदि आप सशर्त स्थायी निवास उपाय से प्रभावित नहीं हैं, तो आपको याद रखना चाहिए कि ***कॅनेडा में दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाता है। आपको अपमानजनक स्थिति में रहने की आवश्यकता नहीं।*** यह विवरणिका (ब्रोशर) जानकारी प्रदान करती है जिसका उपयोग आप मदद प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं।

## जबरन विवाह

जबरन विवाह तब होता है जब विवाह के पक्षों में से कम से कम एक के द्वारा स्वतंत्र रूप से सहमति न दी गई हो। आयोजित विवाह जो कि दोनों पक्षों की सहमति से होते हैं, उनके विपरीत जबरन विवाहों में धमकी, शारीरिक हिंसा या भावात्मक छल-कपट के व्दारा आम तौर पर परिवार के सदस्यों व्दारा व्यक्तियों को बाध्य किया जाता है। जबरन विवाह वाले स्थाई निवासी इस उपाय से अपवाद की मांग कर सकते हैं यदि वे उन दो वर्षों में दुर्व्यवहार या उपेक्षा के कारण वह शर्त पूरी करने में असमर्थ हैं तो।

## अपवाद के लिए अनुरोध

यदि आपको सशर्त स्थायी निवास का दर्जा प्राप्त हुआ है, तो आप दो साल की सशर्त अवधि के दौरान किसी भी समय अपवाद का अनुरोध कर सकते हैं। आप ऐसा सी आई सी कॉल सेंटर को 1-888-242-2100 पर फोन करके कर सकते हैं। आप से उपलब्ध हुई किसी भी जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा।

**क्या आप आगे आने के बारे में सोच रहे हैं**?

- आप कॅनेडा में बहुत अकेला महसूस कर सकते हैं।
- आपके दुर्व्यवहारी ने कॅनेडा में आपके दर्जे के बारे आप से शायद झूठ बोला हो।
- आपको शायद इस विषय में लोगों से बात करना मुश्किल लगे या आपको अपने बच्चों की सुरक्षा का डर हो।
- आपको शायद अंग्रेजी या फैन्च में बातचीत करना कठिन लगे।
- आप शायद कॅनेडियन कानून के तहत अपने अधिकारों संबंधित भ्रमित हों।

## मदद की ज़रूरत है?

यदि आपके साथ आपके पति/पत्नी, साथी या उनके परिवार के सदस्य के द्वारा दुर्व्यवहार हो रहा है, तो यह ग़लत है तथा इसे रोकने के लिये मदद उपलब्ध है।

अगर आपके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और यह **आपात** स्थिति है तो 9-1-1 या स्थानीय पुलिस को फोन करें।

**अगर आपको मदद चाहिए तो** -

- महिलाओं के किसी शरणस्थान को फोन करें
- संकट लाइन को फोन करें
- किसी परामर्श एजेंसी से संपर्क करें
- अपने आप्रवासी सेवारत संगठन से संपर्क करें
- किसी वकील परामर्श (रेफरल) सेवा, लीग़ल एड कार्यालय या किसी सार्वजनिक कानूनी जानकारी संघ से संपर्क करें

- अपने परिवारिक डॉक्टर या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बात करें
- किसी भरोसेमंद व्यक्ति जैसे कि कोई दोस्त या रिश्तेदार तक पहुँचें
- लोग आपकी मदद कर सकते हैं – आप अकेले नहीं हैं।

**मदद प्राप्त करना शर्मनाक नहीं है। सभी सेवाएँ गोपनीय हैं।**

## तैयारी करें – आपकी मदद के लिए सेवाएं हैं

बनाएँ – पहले से – एक निजी सामुदायिक संसाधन सूची। पुलिस के अलावा, विभिन्न संस्थाएं और एजेंसियां संबल या उपयोगी जानकारी दे सकती हैं। अपनी टेलीफोन पुस्तिका के सफेद, पीले या नीले पृष्ठों में देखें या निम्नलिखित संपर्क नंबरों के लिए इंटरनेट पर खोज करें :

- पुलिस
- अस्पताल, चिकित्सा क्लिनिक या डॉक्टर
- सार्वजनिक कानूनी जानकारी संघ
- शिकार हुए (विक्टिम) लोगों के लिए सेवाएं
- संकट लाइनें
- शरणस्थान (शैल्टर) / परिवर्तनकारी घर (ट्रान्ज़ीशन हाऊस)
- मानसिक स्वास्थ्य कार्यालय
- बहुसांस्कृतिक या आप्रवासी सेवारत संगठन
- नागरिकता और आप्रवास कॅनेडा
- लोग जो आपके लिये विश्वसनीय हैं

## अधिक जानना चाहते हैं?

सी.आई.सी. ने दुर्व्यवहार या उपेक्षा के शिकार (विक्टिम) लोगों के लिए सशर्त स्थायी निवास उपाय प्रति अपवाद पर जानकारी और दिशा निर्देश तैयार किये हैं।

दुर्व्यवहार या उपेक्षा के शिकार (विक्टिम) लोगों के लिए जानकारी की एक विस्तृत श्रृंखला, *विक्टिम सेवा निदेश संहिता* (***Victim Services Directory***) सहित इंटरनेट पर उपलब्ध है। निदेशसंहिता (डायरेक्टरी) न्याय विभाग की वैबसाइट पर उपलब्ध है। पृष्ठ के ऊपरी दाएँ कोने में पोस्टल कोड डालकर अपने स्थानीय समुदाय में विक्टिम सेवाओं को खोजें।

न्याय विभाग ने एक उपयोगी प्रकाशन जारी किया है जिसका शीर्षक है *दुर्व्यवहार किसी भी भाषा में गलत है* (*Abuse is Wrong in any Language* (PDF, 2.32 MB)) । प्रकाशन दुर्व्यवहार व कॅनेडा में कानून के बारे में कई भाषाओं में जानकारी प्रदान करता है तथा यह भी बताता है कि मदद के लिए आप कहां जाएँ।

***याद रखें :***
***कॅनेडा में, दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाता है।***
***आपको अपमानजनक स्थिति में रहने की आवश्यकता नहीं।***
***मदद उपलब्ध है : फोन द्वारा, स्वयं उपस्थित होकर और ऑनलाइन पर।***

© हर मैजैस्टी द क्वीन इन राइट ऑफ कॅनेडा, जिसका प्रतिनिधित्व नागरिकता और आप्रवास मंत्री करते हैं, 2013

Ci4-102/2014Hi-PDF
ISBN 978-0-660-03670-0